BSNLEU

**BSNL EMPLOYEES UNION**

Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

**P. Abhimanyu**
General Secretary

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

**BSNLEU/ 401 (PAY)** **28.01.2021**

**प्रति,**

**श्री पी. के. पुरवार**
**सीएमडी बीएसएनएल,**
**भारत संचार भवन,**
**एच सी माथुर लेन,**
**नई दिल्ली - 110 001**

महोदय,

विषय: - ***कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान में प्रबंधन की नाकामी और कंपनी के वित्तीय हालात को सुधारने में प्रबंधन की पूर्ण विफलता बाबद।***

**संदर्भ:- (1) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 11.05.2020.**
**(2) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 30.06.2020.**
**(3) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 19.08.2020.**
**(4) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 15.09.2020.**
**(5) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 13.10.2020.**
**(6) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 03.11.2020.**
**(7) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 16.12.2020.**
**(8) हमारा पत्र क्र.BSNLEU/401 (PAY) दिनांक 12.01.2021.**

BSNL की मुख्य मान्यता प्राप्त यूनियन होने के नाते, बीएसएनएल एम्प्लॉईज यूनियन (BSNLEU), पूर्ण सम्मान और आदर के साथ, निम्न बातें, CMD BSNL और BSNL बोर्ड के अन्य डायरेक्टर्स के संज्ञान में लाने हेतु प्रस्तुत करना चाहेगी।

2020 के दौरान BSNL कर्मियों को कभी भी निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान नही किया गया। इस संबंध में BSNLEU द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्रों के माध्यम से प्रबंधन का बार बार ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा है। किन्तु, BSNLEU के निवेदनों को अनसुना कर दिया गया। यह दुःखद पूर्ण स्थिति है कि प्रबंधन द्वारा, हर माह कर्मचारियों को उनके वेतन वितरण के लिए सड़क पर आ कर आंदोलन के लिए बाध्य किया जा रहा है।

वर्तमान में कंपनी का राजस्व प्रति माह रु 1,500, करोड़ के करीब है। जबकि कर्मचारियों को देय वेतन (net salary) का खर्च केवल रु 450 करोड़ है। बावजूद इसके, कर्मचारियों को समय पर वेतन वितरण नही हो रहा है, क्योंकि यह प्रबंधन की अंतिम वरीयता (priority) में आता है। निःसंदेह, यह वर्तमान प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी मानसिकता को परिलक्षित करता है।

सरकार द्वारा BSNL को निशुल्क 4G स्पेक्ट्रम आवंटित किया जा चुका है। साथ ही, सरकार द्वारा, बॉन्ड जारी कर मार्किट से रु 8,500 करोड़ प्राप्त करने हेतु सार्वभौम आश्वस्ति (Sovereign Guarantee) BSNL को दे दी गई है। सर्वोपरि, VRS-2019 के तहत लगभग 80,000 कर्मचारियों के रिटायरमेंट पश्चात कंपनी के, मासिक वेतन खर्च में भी 50% कमी आई है। इन सब कारकों के बावजूद कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार नही हुआ है। यह सिर्फ, सरकार द्वारा अक्टूबर, 2019 में घोषित रिवाइवल पैकेज के क्रियान्वयन में प्रबंधन की पूर्ण विफलता प्रदर्शित करता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 23 अक्टूबर, 2019 को BSNL को 4G स्पेक्ट्रम आवंटित करने का निर्णय लिया गया था। तदनुसार, कंपनी को अप्रैल, 2020 में 4G स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराया गया था। इसी बीच, 6 माह का "स्वर्णिम काल" रहा, जिसका, BSNL के 4G अनुकूल (compatible) 49,300 BTSs को उन्नत करने हेतु प्रभावी उपयोग किया जा सकता था। यदि लॉकडाउन की अवधि को नजर अंदाज भी कर दिया जाए, तब भी प्रबंधन के पास 5 माह का समय था। यदि इस अवसर का समुचित उपयोग कर लिया जाता, तो कंपनी, 8 माह पूर्व ही,अखिल भारतीय स्तर पर अपनी 4G सेवाएं शुरू कर चुकी होती।

यह और कुछ नही बल्कि एक कड़वी सच्चाई है कि,प्रबंधकीय नेतृत्व में , कंपनी प्रबंधन इस दिशा में बुरी तरह नाकाम रहा है। परिणामस्वरूप, BSNL की 4G की शुरुआत एक दिवास्वप्न सी ही है। BSNL द्वारा अपनी 4G सेवाएं शुरू नही किए जाने से कंपनी, मोबाइल के क्षेत्र में अपनी पैठ नही बना पाई है। आज दिनांक तक कंपनी की अपनी 4G सेवाएं शुरू करने की अक्षमता से निराश हो कर BSNL के वर्तमान ग्राहकों ने अन्य 4G सेवा प्रदाताओं में पोर्ट होना शुरू कर दिया है। इस नाकामी के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए ?

लैंड लाइन और ब्रॉडबैंड के क्षेत्र में भी BSNL की स्थिति काफी दयनीय है। VRS के तहत लगभग 80,000 कर्मचारियों के जाने के पश्चात फील्ड में कर्मचारियों की बेहद कमी हो गई है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी समझदार नेतृत्वकर्ता द्वारा उपलब्ध कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को घर भेजने का निर्णय नही लिया जाता। किन्तु, आप हठधर्मितापूर्ण तरीके से कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स का वेजेस भुगतान एक वर्ष से अधिक समय से विलंबित करने के अलावा उनकी छंटनी करने पर आमादा हैं।

इस अनसोचे समझे निर्णय से BSNL का लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड नेटवर्क का रखरखाव द्रुतगति से प्रभावित हुआ है। SLA सिस्टम के जरिए विभिन्न कार्यों की आउटसोर्सिंग व्यवस्था पूर्ण रूप से असफल होने के अलावा कंपनी की आर्थिक स्थिति भी आहत हुई है। सेवाओं में गिरावट की वजह से प्रत्येक माह लाखों लैंडलाइन और ब्रॉडबैंड उपभोक्ता BSNL को छोड़ कर जा रहे हैं।

BSNL प्रबंधन की HR पॉलिसी भी बेहद त्रासदीपूर्ण है। एक ओर, समय पर वेतन भुगतान न होने से कर्मचारी पूर्ण रूप से निराश और हतोत्साहित हैं, तो दूसरी ओर डेढ़ वर्ष की समयावधि बीत जाने के बावजूद उन HR इश्यूज का भी निराकरण नही किया गया है जिसमें कंपनी का कोई खर्च नही होना है।

उदाहरण के लिए, विगत एक वर्ष छः माह में भी नॉन एग्जीक्यूटिव्ज के लिए ग्रुप टर्म इन्श्युरन्स (GTI) योजना लागू नही की गई है, जबकि इसके क्रियान्वयन में कंपनी को एक नया पैसा भी व्यय नही करना है। विगत एक वर्ष छः माह में भी विभिन्न इंटर्नल कंपीटिटिव एग्जामिनेशन आयोजित न किए जाने से कंपनी अपने महत्वपूर्ण नेटवर्क्स के संचालन हेतु कुशल कर्मी प्राप्त करने से वंचित हुई है, बल्कि कर्मचारियों के एक प्रमुख तबके को भी हतोत्साहित हुए हैं।

निःसंदेह, सभी PSUs में, BSNL के पास एक बेहद समर्पित वर्कफोर्स है। पूर्व में, इसी वर्कफोर्स ने BSNL की सेवाओं की गुणवत्ता के उन्नयन में अपना भरपूर योगदान दिया है, जिसके चलते कंपनी के मार्किट शेयर में वृद्धि हुई। यहां, यह उल्लेखित करना जरूरी है कि इसी वर्कफोर्स ने निर्धारित कार्य समय के बाद भी, बगैर अतिरिक्त मानदेय लिए कार्य कर, ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ BSNL (AUAB) के आव्हान पर "कस्टमर डिलाइट ईयर" और "सर्विस विथ ए स्माइल" जैसे कार्यक्रमों को सफल बनाया है।

बहरहाल, यह बेहद चिंतनीय है कि प्रबंधन, कर्मचारियों का नेतृत्व करने वाली यूनियन्स और एसोसिएशन्स को सरकार द्वारा घोषित रिवाइवल प्लान के क्रियान्वयन में शामिल नही करना चाहता है। अपने पूर्ववर्तियों (predecessors) की तरह, आपके द्वारा समयबद्ध चर्चाएं आयोजित नही की जा रही है, जिसमें कंपनी के शीघ्र वित्तीय उन्नयन हेतु उपलब्ध वर्कफोर्स की समुचित उपयोगिता की संभावनाओं पर विचार किया जा सके। हमारे पास यह मानने हेतु पर्याप्त कारण है कि, आपकी ऐसी सोच है , जिसके अनुसार कर्मचारियों को "कुली" समझा जाता है और उनकी यूनियन्स और एसोसिएशन्स को "परजीवी" के रूप में देखा जाता है।

एक वर्ष से अधिक समयावधि तक आपकी नेतृत्वशीलता को देखने के बाद, हम खुले तौर पर, पूर्ण उम्मीद रखते हुए, यह कहने के लिए बाध्य हैं कि, प्रबंधन, कम से कम इस विकट स्थिति में कुछ सुधारात्मक उपाय करेगा। हमारी ओर से, हम पुनः, हमारी अपनी कंपनी के शीघ्र उन्नयन के लिए, हमारी मानव शक्ति (workforce) के समुचित उपयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं।

धन्यवाद।

भवदीय,

**(पी.अभिमन्यु)**
**महासचिव**

प्रतिलिपि: **(1)** Shri Ravi Shankar Prasad ji, Hon'ble Minister of Communications, Sanchar Bhawan, New Delhi- 110001
**(2)** Dr. P. K. Mishra, Principal Secretary to the Prime Minister, South Block, New Delhi – 110011
**(3)** Shri Anshu Prakash, Secretary, Telecom, DoT, Sanchar Bhawan 20, Ashoka Road, New Delhi – 110001
**(4)** Shri P.K. Sinha, Member (Finance), Digital Communications Commission, DoT, Sanchar Bhawan, 20, Ashoka Road, New Delhi – 110 001
**(5)** Ms. Anita Praveen, Additional Secretary, Telecom, Sanchar Bhawan 20, Ashoka Road, New Delhi 110001
**(6)** All the Directors of BSNL Board.